# Daily Current Affairs

Date : 24 December, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | सर्वोच्च न्यायालय ने राजस्थान के 2 राजस्व गाँवों का नाम रद्द किया |
| 2. | स्थानीय निकायों के चुनाव से संबंधित अधिसूचना |
| 3. | संशोधित PKC लिंक परियोजना पर उच्चस्तरीय बैठक : नई दिल्ली |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव – 2025 : चित्तौड़गढ़<br>2. 12वाँ राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (RIFF) : जोधपुर।<br>3. शेखावाटी हवेली संरक्षण योजना,<br>4. नेशनल वेस्ट इंडिया सीनियर, जूनियर एंड सब-जूनियर क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप : इंदौर<br>5. विकसित राजस्थान@2047 राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी के अध्यक्ष : मुख्य सचिव<br>6. भपंग वादक जुम्मे खाँ का निधन<br>7. प्रदेश का पहला दिव्यांग पार्क : कोटा<br>8. राजस्थान पावर सेक्टर डिजिटल कॉन्क्लेव<br>9. राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन : मेड़ता (नागौर) |
| 5. | पहला प्रदूषण नियंत्रण पोत : समुद्र प्रताप |
| 6. | मार्स एटमॉस्फियर एंड वोलेटाइल इवोल्यूशन (MAVEN) मिशन |
| 7. | ब्लू बर्ड संचार उपग्रह |
| 8. | भारत - न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता |
| 9. | विनोद कुमार शुक्ल |
| 10. | राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस: 24 दिसंबर |
| 11. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. सुखमन सिंह<br>2. ब्यूरो ऑफ पोर्ट सिक्योरिटी (BoPs)<br>3. एक्सोप्लैनेट<br>4. भारत का श्रीलंका को 450 मिलियन डॉलर का पैकेज<br>5. 'सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि' पुस्तक<br>6. खेल: व्यापक इंटर्नशिप नीति<br>7. सिवेर्स्क शहर |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## सर्वोच्च न्यायालय ने राजस्थान के 2 राजस्व गाँवों का नाम रद्द किया

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, सर्वोच्च न्यायालय में जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने राजस्थान के 2 राजस्व गाँवों का नाम रद्द कर दिया।



### मुख्य बिन्दु:

- **आधार :** सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार किसी भी राजस्व गाँव का नाम व्यक्ति, धर्म, जाति, उपजाति के नाम पर नहीं रखा जा सकता क्योंकि राजस्थान सरकार का 20 अगस्त, 2009 का सर्कुलर इंगित करता है कि किसी भी राजस्व गाँव का नाम व्यक्ति, धर्म, जाति, उपजाति के नाम पर नहीं हो सकता।
- **विवाद :** बालोतरा (पूर्व में बाड़मेर) जिले के सोहड़ा गाँव से जुड़ा है। राज्य सरकार ने 31 दिसंबर, 2020 को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 16 के तहत एक अधिसूचना जारी कर नए राजस्व गाँवों का गठन किया था। इनमें 'अमरगढ़' और 'सगतसर' राजस्व गाँव भी शामिल थे, जिन्हें मेघवालों की ढाणी से पृथक किया गया था। जिसे भीकाराम व अन्य ने हाईकोर्ट की एकलपीठ में चुनौती दी थी।
- **उल्लंघन :** सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार किसी राजस्व गाँव का नाम किसी व्यक्ति विशेष के नाम पर रखने से अनुच्छेद 14 का उल्लंघन होता है, जो सभी नागरिकों को कानून के समक्ष समानता का अधिकार देता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# स्थानीय निकायों के चुनाव से संबंधित अधिसूचना

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान निर्वाचन आयोग द्वारा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243K और अनुच्छेद 243ZA का प्रयोग करते हुए राज्य में स्थानीय निकायों के चुनाव से संबंधित अधिसूचना जारी की गई।



## मुख्य बिन्दु:

- **अनुच्छेद 243K :** पंचायतीराज संस्थाओं के निर्वाचनों के संचालन का अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण राज्य निर्वाचन आयोग में निहित है।
- **अनुच्छेद 243ZA :** राज्य निर्वाचन आयोग को नगरपालिकाओं के सभी चुनावों के लिए मतदाता सूची तैयार करने और उनके संचालन के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण की शक्ति प्रदान करता है।

### पंचायतीराज/नगरीय निकायों के निर्वाचनों से संबंधित अधिसूचना:

- **वाहनों पर प्रतिबंध :** अभ्यर्थी/प्रत्याशी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा निर्वाचन की अधिसूचना की तिथि से निर्वाचन समाप्ति तक चुनाव प्रचार या चुनाव संबंधी यात्रा के लिए बस, ट्रक, मिनी बस, मेटाडोर एवं पशुचालित वाहन (तांगा, ऊँटगाडी, बैलगाड़ी) आदि वाहनों का उपयोग पूर्णतः निषिद्ध रहेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **लाउड स्पीकरों के उपयोग पर प्रतिबंध :** अभ्यर्थी/प्रत्याशी द्वारा चुनाव प्रचार के लिए स्थापित चुनाव कार्यालय पर लाउड स्पीकर के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। अस्पताल, स्कूल एवं धार्मिक स्थल से 100 मीटर की परिधि में लाउड स्पीकर के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध।
- **अधिकतम चुनाव खर्च सीमा :** राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 की धारा 22A के अन्तर्गत प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार संबंधी खर्च की अधिकतम सीमा निम्नलिखित प्रकार से है।

| क्र. सं. | पद का नाम | अधिकतम खर्च सीमा |
|---|---|---|
| 1. | जिला परिषद सदस्य | ₹3,00,000/- |
| 2. | पंचायत समिति सदस्य | ₹1,50,000/- |
| 3. | सरपंच | ₹1,00,000/- |

- **अधिकतम चुनाव खर्च सीमा :** राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार संबंधी खर्च की अधिकतम सीमा निम्नलिखित प्रकार से है।

| क्र.सं. | पद का नाम | अधिकतम खर्च सीमा |
|---|---|---|
| 1. | नगर निगम पार्षद (Corporator) | ₹3,50,000/- |
| 2. | नगर परिषद पार्षद (Councillor) | ₹2,00,000/- |
| 3. | नगरपालिका सदस्य (Member) | ₹1,50,000/- |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# संशोधित PKC लिंक परियोजना पर उच्चस्तरीय बैठक : नई दिल्ली

## चर्चा में क्यों?

- 23 दिसम्बर, 2025 को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण (NWDA) सोसायटी की 39वीं वार्षिक बैठक तथा नदियों के आपसी जोड़ के लिए विशेष समिति (SCILR) की 24वीं बैठक आयोजित की गई।

## मुख्य बिन्दु:

- **अध्यक्षता :** जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल द्वारा।
- इस बैठक में राजस्थान का प्रतिनिधित्व जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत द्वारा किया गया।
- बैठक में संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल (PKC) लिंक परियोजना सहित नदियों के आपसी जोड़ से जुड़े विभिन्न महत्त्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।
- बाराँ, झालावाड़ और कोटा में सिंचाई आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए 12 नई सिंचाई परियोजनाओं को संशोधित लिंक परियोजना में अतिरिक्त घटक के रूप में सम्मिलित किया गया।

### राम जल सेतु लिंक परियोजना (RSLP)/पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ERCP)/पार्वती - कालीसिंध चंबल - परियोजना : (राजस्थान व मध्य प्रदेश की संयुक्त परियोजना)

- ERCP राजस्थान की एक महत्त्वाकांक्षी परियोजना है। इस परियोजना के तहत् मानसून के दौरान कुन्नू, कुराल, कालीसिंध, चाकण, पार्वती, मेज आदि नदियों के अतिरिक्त जल को चम्बल, बनास, बाणगंगा व गम्भीरी नदी में वितरित किया जायेगा।
- सहयोग - केन्द्र (90) : राज्य (10)

### मुख्य उद्देश्य –

- पूर्वी राजस्थान में पेयजल आपूर्ति करना।
- पूर्वी राजस्थान को सिंचाई के लिए जलापूर्ति करना।
- DMIC (दिल्ली मुम्बई औद्योगिक गलियारा) को जलापूर्ति।
- भू-जल स्तर में सुधार करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### RSLP के लक्ष्य –

- 26 बाँधों का निर्माण करना।
- सिंचित क्षेत्र - 5.6 लाख हैक्टेयर (राजस्थान एवं मध्य प्रदेश)।
- लाभान्वित जिले – 17 ( पुराने आँकड़ों के अनुसार 13)
  - अलवर, भरतपुर, करौली, धौलपुर, सवाई माधोपुर। (ABCDS)
  - खैरथल - तिजारा (भर्तृहरि नगर), डीग।
  - कोटा, बूँदी, बाराँ, झालावाड़ (कोटा सम्भाग)
  - दौसा, जयपुर, कोटपुतली - बहरोड़, अजमेर, ब्यावर एवं टोंक।

### RSLP जल वितरण

- राजस्थान 4102 MCM: मध्यप्रदेश 3120 MCM (MCM = Million Cubic Meters)
- RSLP परियोजना के तहत् निर्मित प्रमुख 5 बैराज एवं 2 बाँध :-

| क्र.सं. | प्रमुख बैराज / बाँध | नदी | जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | रामगढ़ बैराज | कूल नदी | बाराँ |
| 2. | महलपुर बैराज | पार्वती नदी | बाराँ |
| 3. | नवनैरा बैराज | कालीसिंध नदी | कोटा |
| 4. | मेज बैराज | मेज नदी | बूँदी |
| 5. | राठौड़ बैराज | बनास नदी | सवाई माधोपुर |
| 6. | डूँगरी बाँध | बनास नदी | सवाई माधोपुर |
| 7. | ईसरदा बाँध | बनास नदी | सवाई माधोपुर |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|

**1.**

## राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव – 2025 : चित्तौड़गढ़




- **आयोजन :** 23 से 28 दिसंबर, 2025 तक।
- **आयोजन स्थल :** शहीद मेजर नटवर सिंह शक्तावत खेल मैदान, चित्तौड़गढ़।
- **आयोजक :** यह महोत्सव अखिल भारतीय स्वदेशी संघ द्वारा आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देना है।
- **उद्देश्य :** स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को प्रोत्साहित करना।

**2.**

## 12वाँ राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (RIFF) : जोधपुर।






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| | ■ 31 जनवरी से 4 फरवरी, 2026 तक मिराज सिनेमा, जोधपुर में '12वाँ राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (RIFF)' आयोजित किया जाएगा।<br>■ **थीम :** 'सिनेमास्थान - आपका लेंस, हमारा राजस्थान'।<br>■ इस फेस्टिवल में मुकेश छाबड़ा को "RIFF ऑनरेरी अवॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस" से सम्मानित किया जाएगा।<br>■ **नोट :** जोधपुर रिफ (JODHPUR RIFF)<br>■ **आयोजन :** 2 से 6 अक्टूबर, 2025 तक जोधपुर रिफ (JODHPUR RIFF) के नाम से प्रसिद्ध 'राजस्थान अंतरराष्ट्रीय लोक महोत्सव - 2025' का आयोजन किया गया।<br>■ जोधपुर के मेहरानगढ़ किले में शरद पूर्णिमा के दौरान प्रति वर्ष इस महोत्सव का आयोजन किया जाता है। |
| 3. | **शेखावाटी हवेली संरक्षण योजना**<br><br>■ राज्य सरकार द्वारा शेखावाटी क्षेत्र में पर्यटन के माध्यम से रोजगार सृजन एवं आर्थिक विकास के लिए वर्ष 2025-26 बजट में 'शेखावाटी हवेली संरक्षण योजना' की घोषणा की गई।<br>■ इस योजना के अंतर्गत झुंझुनू, सीकर और चूरू में अब तक 662 ऐतिहासिक हवेलियों को चिह्नित किया जा चुका है।<br>■ इन हवेलियों को हेरिटेज वॉक, सांस्कृतिक केंद्र, आर्ट गैलरी, होमस्टे और टूरिज्म हब के रूप में विकसित किया जाएगा। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**4.** **नेशनल वेस्ट इंडिया सीनियर, जूनियर एंड सब-जूनियर क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप : इंदौर**

- जोधपुर निवासी मनीषा प्रजापत और चाँदनी प्रजापत ने 'वेस्ट इंडिया नेशनल क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप' में कांस्य पदक जीता।
- **मनीषा प्रजापत :** सीनियर वर्ग में 315 किलो भार उठाकर 84 किलो से अधिक भार वर्ग में कांस्य पदक।
- **चाँदनी प्रजापत :** सब-जूनियर बालिका वर्ग में 197.5 किलो भार उठाकर 84 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक।
- **कप्तान (सीनियर महिला वर्ग) :** मनीषा प्रजापत (जोधपुर)

**5.** **विकसित राजस्थान@2047 राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी के अध्यक्ष : मुख्य सचिव**




- विकसित राजस्थान@2047 विजन के सफल क्रियान्वयन की दृष्टि से राज्य सरकार द्वारा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी का गठन किया गया।
- केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा 13 अक्टूबर, 2025 को जयपुर में 'विकसित राजस्थान@2047' विज़न डॉक्यूमेंट का विमोचन किया गया।
- यह विज़न डॉक्यूमेंट भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना के अनुरूप है।
- ज्ञातव्य है कि राजस्थान मंत्रिमंडल द्वारा आर्थिक समृद्धि, सतत् विकास एवं समावेशी प्रगति के विज़न डॉक्यूमेंट 'विकसित राजस्थान@2047' का 23 अगस्त, 2025 को अनुमोदन किया गया।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 6. | **भपंग वादक जुम्मे खाँ का निधन**<br>■ हाल ही में, राजस्थान के प्रसिद्ध भपंग वादक जुम्मे खाँ का निधन हो गया।<br>■ जुम्मे खाँ अलवर जिले के पिनान गाँव के निवासी थे। |
| 7. | **प्रदेश का पहला दिव्यांग पार्क : कोटा**<br>■ कोटा शहर में दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और आम नागरिकों के लिए सेंसर आधारित दिव्यांग पार्क की स्थापना की जाएगी।<br>■ राजस्थान में बनने वाला यह अपनी तरह का पहला पार्क होगा, जिसका विकास श्रीनाथपुरम विकास पथ पर ₹15 करोड़ की लागत से किया जाएगा। |
| 8. | **राजस्थान पावर सेक्टर डिजिटल कॉन्क्लेव**<br>■ **आयोजन :** 23 दिसंबर, 2025 को कांस्टीट्यूशन क्लब, जयपुर में 'राजस्थान पावर सेक्टर डिजिटल कॉन्क्लेव' का आयोजन किया गया।<br>■ **आयोजक :** राजस्थान ऊर्जा विकास निगम एवं आईटी सर्विसेज।<br>■ इस कॉन्क्लेव के माध्यम से राजस्थान के ऊर्जा क्षेत्र के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। |
| 9. | **राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन : मेड़ता (नागौर)**<br>■ 23 दिसंबर, 2025 को राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नागौर के मेड़ता में 'राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन' का आयोजन किया गया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## पहला प्रदूषण नियंत्रण पोत : समुद्र प्रताप

### चर्चा में क्यों?

- 23 दिसंबर, 2025 को भारतीय तटरक्षक बल ने गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में अपने पहले प्रदूषण नियंत्रण पोत समुद्र प्रताप को शामिल किया।

### मुख्य बिन्दु:

- स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित भारतीय तटरक्षक बल का यह पहला पोत है।
- **निर्माण:** गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (निर्माण कार्य शुरू : नवंबर, 2022 से)।
- **विस्थापन क्षमता :** 4170 टन
- **कार्य :** यह पोत देश के समुद्री तटों पर तेल रिसाव की घटनाओं का पता लगाने और उन्हें रोकने में सहायता करेगा।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# मार्स एटमॉस्फियर एंड वोलेटाइल इवोल्यूशन (MAVEN) मिशन

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, नासा द्वारा नवंबर, 2013 को लॉन्च मेवेन मिशन से संपर्क टूट गया है।

## मुख्य बिन्दु:

- यह मंगल ग्रह के ऊपरी वायुमंडल का सर्वेक्षण करने वाला पहला अंतरिक्ष मिशन है।
- **लॉन्च:** नवंबर, 2013 को फ्लोरिडा के केप कैनावेरल से एटलस वी रॉकेट द्वारा।
- **मंगल ग्रह पर पहुँचा:** सितंबर, 2014
- **उपकरण:-**

| क्र.सं. | उपकरण | उद्देश्य/कार्य |
|---|---|---|
| 1. | सौर पवन उपकरण | मंगल के आयन मंडल का अध्ययन। |
| 2. | पराबैंगनी स्पेक्ट्रोमीटर | ऊपरी वायुमंडल का अध्ययन। |
| 3. | दृव्यमान स्पेक्ट्रोमीटर | ऊपरी वायुमंडल की संरचना का अध्ययन। |

### मेवेन के डेटा का निष्कर्ष:-

1. मंगल ग्रह के चुबंकीय वातावरण में 2 प्रकार की तरंगे पायी जाती है - कुछ इलेक्ट्रॉन प्लाज्मा आवृत्ति के नीचे और कुछ उससे ऊपर।
2. मंगल ग्रह ने अपने प्रारंभिक वायुमंडल का लगभग 2/3 हिस्सा अंतरिक्ष में खो दिया है।
3. मंगल पर सौर तुफानों के प्रभाव व जल हानि के मार्गो की खोज की।

### अन्य महत्त्वपूर्ण जानकारी:-

- मंगल ग्रह का वायुमंडल: 95.32%$CO_2$, 2.7%$N_2$ (नाइट्रोजन) 1.6% आर्गन और 0.13% ऑक्सीजन।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### नासा के अन्य मंगल मिशन:-

1. वाइकिंग 1 और 2
2. मार्स पाथफाइंडर
3. स्पिरीट व अपॉर्चुनिटी रोवर
4. एक्सोमार्स ट्रेस गैस ऑर्बिटर (वर्ष 2016 - वर्तमान)
5. परसेवरेंस रोवर (वर्ष 2020 - वर्तमान)

### मंगलयान (2013 - 2022) : इसरो -

- भारत का पहला अंतरग्रहीय मिशन (मार्स ओर्बिटर मिशन)।
- लॉन्च: वर्ष 2013, मंगल ग्रह की कक्षा में प्रवेश : वर्ष 2014।
- भारत सोवियत संघ, USA और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के बाद मंगल ग्रह पर पहुँचने वाला चौथा देश बन गया।
- **प्रक्षेपण यान :** PSLV-C-25

### उपलब्धियाँ:

1. 8 वर्षों तक मंगल ग्रह की सतह की विशेषताओं, आकृति विज्ञान, मंगल ग्रह के वातावरण और बर्हिमंडल  का वैज्ञानिक अध्ययन।
2. मंगल ग्रह के उपग्रह 'डिमोस' की तस्वीर ली।
3. सौर ऊर्जा से संबंधित सोलर डायनेमिक्स और पूरे ग्रह पर आए धूल के तूफान का अध्ययन किया।
4. मंगल के बर्हिमंडल में ऊष्मीय आर्गन की खोज की।
5. MENCA पेलोड ने मंगल की सतह से 270 km ऊपर ऑक्सीजन और $CO_2$ की मात्रा का पता लगाया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ब्लू बर्ड संचार उपग्रह

## चर्चा में क्यों?

- 24 दिसंबर, 2025 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने श्री हरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र (SDSC-SHAR) से 'ब्लू वर्ड ब्लॉक 2' (Blue Bird-6) संचार उपग्रह लॉन्च किया।

## मुख्य बिन्दु:

- यह प्रक्षेपण इसरो की वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) के एक व्यावसायिक समझौते के तहत् किया गया है।
- **प्रक्षेपण यान:** LVM3 M6
- **उपग्रह का विकास:** अमेरिकी कंपनी AST स्पेस मोबाइल

### विशेषताएँ:

- लगभग 6500kg भार के साथ यह इसरो द्वारा प्रक्षेपित अब तक सबसे भारी व्यावसायिक पेलोड है।
- यह उपग्रह सीधे सामान्य स्मार्ट फोन पर 'स्पेस आधारित सेलुलर ब्रॉँडबेंड' (इंटरनेट) सेवा प्रदान करेगा।
- इसके एंटीना दुर्गम क्षेत्रों में 24/7 हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेंगे जिससे डिजिटल डिवाइड कम होगा।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:

### LVM-3 रॉकेट:

- LVM-3 (लॉन्च व्हीकल मार्क-3), जिसे पहले GSLV MK III के नाम से जाना जाता था।
- यह इसरो का सबसे शक्तिशाली रॉकेट है।
- यह 8000 kg तक का भारत निचली पृथ्वी कक्षा (LEO) में ले जा सकता है।
- चरण: 3 (ठोस, तरल और क्रायोजेनिक ईंधन)
- इससे चंद्रयान-2, चंद्रयान-3 और वनवेब के 72 उपग्रहों को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया।

### इसरो की वाणिज्यिक शाखाएँ:

- **एंट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ACL) :** वर्ष 1992 मे स्थापित।
- **न्येस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) :** वर्ष 2019 में गठित।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## भारत - न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता

### चर्चा में क्यों?

- भारत और न्यूजीलैंड ने 9 महीनों में एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते (FTA) पर बातचीत पूर्ण की तथा यह वर्ष 2026 में औपचारिक रूप से हस्ताक्षरित किया जाएगा।

### मुख्य बिन्दु:

**भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते के लक्ष्य:**

1. **व्यापार विस्तार :** द्विपक्षीय व्यापार को वर्तमान स्तर से दोगुना करके 5 वर्षों में 5 अरब अमेरिकी डॉलर करना।
2. **निवेश प्रवाह :** मेक इन इंडिया के अनुरूप, न्यूजीलैंड में 15 वर्ष में 20 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेशकों को सुगम बनाया।

**भारत - न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते की प्रमुख विशेषताएँ:**

1. **शुल्क उदारीकरण:** भारत, न्यूजीलैंड के 95 प्रतिशत निर्यात पर शुल्क में छुट देगा, जबकि न्यूजीलैंड भारत की सभी शुल्क लाइनों पर शुल्क मुक्त पहुँच प्रदान करेगा (100%)।
2. **पारंपरिक चिकित्सा :** न्यूजीलैंड ने स्वास्थ्य और पारंपरिक चिकित्सा सेवाओं पर पहली बार अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।
3. **संवेदनशील क्षेत्रों का संरक्षण:** भारत ने व्यापार उदारीकरण और किसानों की आजीविका संरक्षण के मध्य संतुलन बनाए रखते हुए डेयरी, चावल, गेहूँ, चीनी, प्याज, खाद्य तेल और रबर को इस सूची से बाहर रखा है।
   - **बाहर रखे गए उत्पाद:** डेयरी उत्पाद, पशु उत्पाद, सब्जी उत्पाद, चीनी, कृत्रिम शब्द, हथियार रत्न और आभूषण, ताँबा उत्पाद, एल्यूमिनियम उत्पाद।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

4. **सेनाएं एवं आवागमन:** FAT के तहत् प्रतिवर्ष 5000 अस्थायी रोजगार वीजा जारी किए जाते हैं जिससे भारतीय पेशेवरों को न्यूजीलैंड में 3 वर्ष तक रोजगार की अनुमति मिलती है।

5. भारत ने 70.03% टेरिफ लाइनों में बाजार पहुँच की पेशकश की, जबकि 29.97% टेरिफ लाइनों को अपवर्जन में रखा है। 30% टैरिफ लाइनों पर तत्काल शुल्क समाप्ति लागू की गई है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु**

- **मुक्त व्यापार समझौता (FTA):** दो या अधिक देशों के मध्य एक संधि है, जिसमें सहमत होते हैं-
  - वस्तुओं पर सीमा शुल्क को कम या समाप्त करना।
  - सेवाओं में व्यापार को उदार बनाना।
  - निवेश संरक्षण प्रदान करना।
  - बौद्धिक संपदा अधिकारों (IPR) के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करना।

**भारत के वैश्विक व्यापार नेटवर्क :**

- भारत - ओमान समग्र आर्थिक साझेदारी समझोता (CEPA), 2025
- भारत - ब्रिटेन समग्र आर्थिक और व्यापार समझौता (CETA), 2025
- भारत - EFTA व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौता (TEPA) - स्विट्ज़रलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन, 2024
- भारत - संयुक्त अरब अमीरात समग्र आर्थिक साझेदारी समझौता (CEPA) 2022
- भारत – ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (ECTA), 2022
- भारत - मॉरीशस समग्र आर्थिक सहयोग और साझेदारी (CECPA) 2021


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## विनोद कुमार शुक्ल

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में प्रख्यात लेखक विनोद कुमार शुक्ल का निधन हो गया है।

### मुख्य बिन्दु:

- **संबंध:** राजनांद गाँव जिला, छत्तीसगढ़।

**रचनाएँ:**

- **पहली कविता संग्रह (वर्ष 1971):** "लगभग जयहिंद"
- **उपन्यास (वर्ष 1979):** "नौकर की कमीज" पर फिल्म बनी।
- **अन्य उपन्यास :** 'खिलेगा तो देखेंगे' (वर्ष 1996), 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' (वर्ष 1997), 'एक चुप्पी जगह (वर्ष 2018)।
- **अन्य कविता संग्रह:** 'पेड़ पर कमरा' (वर्ष 1998), महाविद्यालय (वर्ष 1996), 'एक कहानी' (वर्ष 2021), 'घोड़ा और अन्य कहानियाँ' (वर्ष 2021)।

**पुरस्कार:**

1. वर्ष 2024 के 59वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित:-
   - **रचना:** 'सब कुछ होना बचा रहेगा'
   - शुक्ल, छत्तीसगढ़ के पहले लेखक है, जिन्हें इस सम्मान पुरस्कृत किया गया।
2. रजा पुरस्कार
3. गजानन माधव मुक्तिबोध फेलोशिप।
4. मातृभूमि बुक ऑफ द ईयर अवॉर्ड।
5. पेन अमेरिका नाबोकॉव अवॉर्ड।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## महत्त्वपूर्ण दिवस

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस: 24 दिसंबर

**मुख्य बिन्दु:**

- **वर्ष 2025 का विषय:** Efficient and speedy Disposal through Digital Justice (डिजिटल न्याय के साथ सक्षम और त्वरित निष्पादन)।
- **कारण:** 24 दिसंबर, 1986 को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 को राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुई थी।
- **उद्देश्य:** जागरूकता बढ़ाना और उपभोक्ताओं तथा अन्य हितधारकों के मध्य जिम्मेदार प्रथाओं को बढ़ावा देना।

**उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019:-**

- **लागू:** 20 जुलाई, 2020 (उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 को प्रतिस्थापित किया)।
- **उपभोक्ता के अधिकार -**

1. संरक्षण का अधिकार।
2. सूचित होने का अधिकार।
3. आश्वासन का अधिकार।
4. सुने जाने का अधिकार।
5. प्रतिकार का अधिकार।
6. उपभोक्ता जागरूकता का अधिकार।
7. वस्तुओं और सेवाओं की गुणवत्ता, मात्रा, शक्ति, शुद्धता तथा मानको के बारे में सूचित करने का अधिकार।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## तीन स्तरीय न्यायिक संरचना :-

| क्र.सं. | स्तर | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | जिला उपभोक्ता विवाद निवारण मंच (पहला स्तर) | ■ जिला मंच, जिला अदालत पर स्थित।<br>■ 50 लाख ₹ तक दावों वाली शिकायतों का निवारण |
| 2. | राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (दूसरा स्तर) | ■ 50 लाख ₹ से अधिक और 2 करोड़ रुपये तक शिकायतों का निवारण। |
| 3. | राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (शीर्ष स्तर) | ■ 2 करोड़ रुपये से अधिक की शिकायतों का निपटान करता है।<br>■ स्थापना: 24 जुलाई, 2020 (उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत् स्थापित)। |

### उपभोक्ता कल्याण कोष; वित्तीय सहायता;

- केन्द्र : राज्य – 75 : 25
- केन्द्र : केन्द्र शासित प्रदेश - 90 : 10

### ई-जागृति :

- लॉन्च : 1 जनवरी, 2025
- पूर्व प्रणालियों, जिसमें OCMS, ई-दाखिल, NCDRC EMS तथा कॉन्फ़ोनेट को एकीकृत व सुव्यवस्थित कर बनाया।
- लाभ : वैश्विक पहुँच, दक्षता व गति, समावेशिता और सुरक्षित लेन-देन।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **सुखमन सिंह**<br>■ भारतीय गोल्फर सुखमन सिंह ने 124 वीं एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप ऑफ इंडिया जीत ली है।<br>■ **आयोजन:** टॉलीगंज क्लब (कोलकाता)<br>■ **फाइनल:** हरमन सचदेवा को हराया। |
| 2. | **ब्यूरो ऑफ पोर्ट सिक्योरिटी (BoPs)**<br>■ सरकार देश के बंदरगाहों और जहाजों की सुरक्षा के लिए ब्यूरो ऑफ पोर्ट सिक्योरिटी की स्थापना करेगी।<br>■ यह मर्चेंट शिपिंग एक्ट, 2025 के तहत् ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के मॉडल पर बनाया जाएगा। |
| 3. | **एक्सोप्लैनेट**<br>■ जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप से वैज्ञानिकों ने एक एक्सोप्लैनेट की खोज की।<br>■ **नाम:** PSRJ 2322-26506<br>■ **आकार:** नींबू/रग्बी बॉल के समान<br>■ **पृथ्वी से दूरी:** 10 लाख मील<br>■ इस ग्रह का 1 वर्ष 7.8 घंटे का होता है। |
| 4. | **भारत का श्रीलंका को 450 मिलियन डॉलर का पैकेज**<br>■ भारत, श्रीलंका में चक्रवात दित्वाह से प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण में सहायता के लिए 450 मिलियन डॉलर का पैकेज प्रदान करेगा।<br>■ इसमें 350 मिलियन रियायती ऋण और 100 मिलियन डॉलर अनुदान शामिल है।<br>■ यह भारत की 'पड़ोसी पहले' और 'महासागर' नीति के अनुरूप है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **5.** | **'सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि' पुस्तक**<br>■ **उपराष्ट्रपति C.P. राधाकृष्णन ने नई दिल्ली उपराष्ट्रपति निवास में राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा लिखित पुस्तक 'सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि' का विमोचन किया।** |
| **6.** | **खेल: व्यापक इंटर्नशिप नीति**<br>■ **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने युवा प्रतिभाओं को खेलों की और आकर्षित करने और देश के खेल ढाँचे को मजबूत करने के उद्देश्य से व्यापक इंटर्नशिप नीति शुरू की है।**<br>■ **इसके अंतर्गत कॉलेज और महाविद्यालय विद्यार्थियों को मंत्रालय और उसके स्वायत्त निकायों में इंटर्नशिप दी जाएगी।**<br>■ **इस नीति के अंतर्गत प्रतिवर्ष 452 इंटर्नशिप प्रदान की जाएगी।** |
| **7.** | **सिवेर्स्क शहर**<br>■ **रूसो सेना ने यूक्रेन के पूर्वी शहर सिवेर्स्क पर कब्जा कर लिया है।**<br>■ **रूस अब तक यूक्रेन के लगभग 20% हिस्से पर कब्जा कर चुका है।** |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR